वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 205 | रविवार 20 नवम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राजस्थान पुलिस ने उपेन यादव को किया गिरफ्तार

### रविवार को सरदार शहर में निकालने वाले थे आक्रोश रैली, सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही रिहाई की मांग



**जयपुर. कासं।** राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उपेन रविवार को सरदार शहर में सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकालने वाले थे। लेकिन इससे पहले शनिवार शाम को ही सरदारशहर में एंट्री से करते वक्त पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस उपेन को अज्ञात स्थान पर ले कर गई है। वहीं सोशल मीडिया पर उपेन की रिहाई को लेकर एक बार फिर अभियान शुरू हो गया है। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के रविंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार तानाशाही पर आ गई है। बेवजह उपेन यादव को गिरफ्तार कर सरकार ने बेरोजगारों के साथ वादाखिलाफी की है। ऐसे में अगर पुलिस ने उपेन यादव को जल्द से जल्द रिहा नहीं किया तो प्रदेशभर के बेरोजगार सरदार शहर कूच कर सरकार के खिलाफ प्रचार करेंगे।

### डीजीपी ने कराया प्रदेश में डिकॉय ऑपरेशन

## 50 प्रतिशत एसएचओ को मिलेगा 17सीसी का नोटिस, थानों की स्थिति सुधारने की कोशिश

**जयपुर. कासं**

डीजीपी राजस्थान उमेश मिश्रा के निर्देश पर पूरे प्रदेश भर में काफी समय बाद डिकॉय ऑपरेशन किए गए। यह सभी डिकॉय ऑपरेशन एसपी, सीओ-एसीपी,एसएचओ कार्यालय में किए गए हैं। एडीजी विजिलेंस बीजू जॉर्ज जोशफ के निर्देशन में बनी टीम ने अलग-अलग जगहों पर जाकर इन ऑपरेशन को किया है। ऑपरेशन के तहत देखा गया कि डीजीपी के निर्देश के बाद भी कई थानों के एसएचओ दोपहर 12:00 से 1:30 तक थानों में सुनवाई नहीं कर रहे हैं। डीजीपी उमेश मिश्रा ने शुक्रवार को हुई क्राइम मीटिंग में विशेष तौर पर सभी जिलों के एसपी को आदेश दिए थे कि एसपी,एसीपी-डिप्टी,एसएचओ अपने-अपने कार्यालय में सुनवाई करेंगे। लेकिन उसके बाद भी कई जगहों पर डीजीपी के निर्देशों की पालना होती हुई नहीं दिखाई दी। इसे पुलिस मुख्यालय में बहुत गम्भीर माना है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जयपुर कमिश्नरेट, जयपुर ग्रामीण, कोटा, बारां, नागौर, बूंदी, टोंक जिले में यह डिकॉय ऑपरेशन कराए गए। इस दौरान कई जगहों पर 12:00 से 1:30 बजे के समय में अधिकारी मौजूद नहीं मिले। हालांकि सभी जिलों के एसपी ने डिकॉय ऑपरेशन के दौरान लोगों से सुनवाई करते हुए दिखाई दिए। वही सभी डिप्टी और एसीपी भी अपने-अपने कार्यालयों में परिवादियों को सुनते हुए दिखाई दिए। लेकिन 50% से अधिक एसएचओ गायब मिले डीजीपी ने इसे बड़ी गम्भीर लिया हैं।



### जयपुर कमिश्नरेट के चार एसएचओ को मिलेगा डीजीपी की ओर से नोटिस

विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को जयपुर कमिश्नरेट के आठ थानों में डिकॉय ऑपरेशन किया। चार थानों के एसएचओ परिवादियों से सुनवाई करते हुए मिले तो वहीं 4 एसएचओ इस दौरान थाने से नदारद मिले। इस संबंध में जयपुर कमिश्नरेट के चार एसएचओ उसको सोमवार को डीजीपी की ओर से 17 सीसी का नोटिस दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार अभी 17 सीसी का नोटिस दिया जा रहा हैं। लेकिन दोबार ऐसा हुआ तो इन एसएचओ के खिलाफ गम्भीर एक्शन लेने का प्लान पुलिस मुख्यालय बना चुका हैं।

**थानों की स्थिति सुधारने के लिए डीजीपी का डिकॉय ऑपरेशन:** राजस्थान पुलिस के मुखिया उमेश मिश्रा ने ज्वॉइनिंग करने के दौरान ही बोल दिया था कि प्रदेश में थानों की स्थिति अच्छी नहीं है। उन्हें सुधारने को लेकर काम किया जाएगा। उमेश मिश्रा ने शुक्रवार को हुई क्राइम मीटिंग के दौरान भी सभी पुलिस अधीक्षकों को इस विषय को लेकर खासा काम करने के निर्देश दिए थे। यही कारण रहा की एसपी से लेकर एसएचओ ने उनके आदेशों को कितनी गम्भीरता से लिया इसे लेकर डीजीपी ने डिकॉय करा दिया।

## जयपुर में हुआ अनोखा आर्ट बैटल

### चित्रकार बनाते रहे पेंटिंग, आर्ट कॉमेंट्रेटर करते रहे लाइव कमेंट्री

**जयपुर. कासं।** देशभर की पारंपरिक कलाओं व संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य कर रहे प्लेटफॉर्म रूफटॉप की ओर से जयपुर के चार स्कूलों में अनूठा कार्यक्रम **'आर्ट बजे'** आर्ट बैटल आयोजित किया गया। देशभर में अपनी तरह के पहले इस कार्यक्रम में कलाकारों ने दिए गए विषयों पर निर्धारित समय सीमा के भीतर कलाकृति तैयार की आर्ट कॉमेंट्रेटर्स ने इस इवेंट की लाइव कमेंट्री करते हुए स्टूडेंट्स को आर्ट के बारे में बताया। इस लाइव आर्ट इवेंट को स्कूलों के स्टूडेंट्स ने भी काफी एंजॉय किया। रूफटॉप के सीईओ व फाउंडर कार्तिक



गग्गर ने बताया कि भारतीय कलाओं व विरासत के बारे में स्टूडेंट्स को जागरूक करने के उद्देश्य से यह आर्ट बैटल आयोजित किया गया, जिसमें कलाकारों ने कैनवास पर अपनी कल्पना को चित्रित किया। कलाकारों के लिए यह न सिर्फ कला को सीखने का, बल्कि समकालीन व पारंपरिक तरीके से भारतीय कला के ग्लैमर का अनुभव करने का मंच भी साबित हुआ। इसमें कलाकारों ने अपने कलात्मक कौशल को प्रदर्शित किया और स्टूडेंट्स को समकालीन कला जगत का अनुभव कराया। जयपुर के दिल्ली पब्लिक स्कूल, संस्कार स्कूल, महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल व पैलेस स्कूल में यह बैटल आयोजित किया गया। प्रत्येक स्कूल में 6 से 8 कलाकारों के बीच 64 मिनट की समय सीमा में यह इवेंट कराया गया, जिसमें उन्हें शहरी जीवन, मौसम, यादें व बचपन विषय दिए गए। बैटल के दौरान हर स्कूल में 100-200 स्टूडेंट्स की सक्रिय भागीदारी रही।

# जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन किट वितरित किए



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ ने सेवा सप्ताह के दौरान 19 नवंबर 2022 को महिमा सर्किल वंदे मातरम रोड, मानसरोवर पर जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन किट वितरित किए । संस्थापक अध्यक्ष मनीष झांझरी ने बताया कि कार्यक्रम मे सुनील सोगानी संगठन मंत्री, जैन कुमार जैन, मुनिया सोगानी, रेखा जैन एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब वितरित किए

**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया।** सामाजिक सरोकार में अग्रणी भूमिका निभाने वाली सुजानगढ़ नागरिक परिषद कोलकाता शाखा सुजानगढ़ द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय ठरड़ा, सुजानगढ़ में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब वितरित किए गए। समाजसेवी पारसमल बगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हनुमान सेवा समिति सालासर के अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी थे। सर्वप्रथम विद्या के देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परिषद के समन्वयक महावीर प्रसाद पाटनी ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से परिषद पिछले 57 वर्षों से अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन नगर में कर रहा है। इसी कड़ी में आज जरूरतमंद 80 छात्राओं को स्वेटर जूते जुराब वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुजारी ने विद्यार्थियों को लगन व मेहनत के साथ शिक्षा प्राप्त कर लक्ष्य प्राप्ति का आह्वान किया तथा परिषद के गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।






## बॉलीवुड थीम पर मनाया जयपुर स्थापना दिवस

# दीपिका जैन कोटखावदा को बॉलीवुड सुपरस्टार के खिताब से नवाजा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव व समाज सेवा में अग्रणी संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो द्वारा जयपुर स्थापना दिवस पर शनिवार को बालीवुड थीम पर आधारित स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संगिनी मेट्रो अध्यक्ष मैना जैन एवं सचिव अंबिका सेठी ने बताया कि संगिनी मेट्रो की सदस्याओं ने जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर **Bollywood theme** पर शानदार स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ तीन बार णमोकार महामंत्र बोलकर किया गया। संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने स्वागत उदबोधन दिया तत्पश्चात जयपुर से जुड़ी जानकारियों से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सभी सदस्याओं ने भाग लिया। उसके बाद बॉलीवुड थीम पर डांस, गेम्स एवं मनोरंजक हाऊजी का आयोजन किया गया जिसमें दीपिका जैन कोटखावदा को बॉलीवुड सुपरस्टार के खिताब से नवाजा गया । होटल का हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। संचालन संयोजिका श्रीमती नीतू जैन ,निशा जैन, मीनू जैन, अर्चना जैन ने किया। सभी मेंबर्स ने कार्यक्रम को बहुत एंजॉय किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्याओं गिफ्ट्स और जीतने वाली सदस्यों को प्राइज दिए गए। सचिव अम्बिका सेठी ने सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर उपाध्यक्ष मीनू जैन निमोडिया, संयुक्त सचिव लीनू अजमेरा, कोषाध्यक्ष रेखा पाटनी सहित बड़ी संख्या में सदस्याओं ने भाग लिया।

# दीक्षार्थी रश्मि जैन की विनोली यात्रा एवं गोद भराई सम्पन्न

## मुरेना बड़े जैन मन्दिर में 24 नबम्बर को होगी गोद भराई

**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

**मुरेना।** दीक्षार्थी श्रीमती रश्मि जैन की विनोली यात्रा एवं गोद भराई का कार्यक्रम नसियां जी जैन मंदिर मुरेना में भव्यता के साथ मनाया गया। मुरेना जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी पदमचंद जैन "गैदालाल" (चैटा वाले) की



धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि जैन 14 दिसम्बर को बाककेशरी आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज से टीकमगढ़ में जैनेश्वरी दीक्षा लेने जा रही हैं। आगम की परंपरा के अनुसार दीक्षा से पूर्व अनेकों जगह दीक्षार्थी की विनोली यात्रा एवं गोद भराई का कार्यक्रम किया जाता है। इसी परम्परा के तहत श्री महावीर दिगम्बर जैन नसियां जी मन्दिर, अम्बाह रोड मुरेना में भव्य एवं विशाल विनोली यात्रा एवं गोद भराई का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विनोली यात्रा में दीक्षार्थी रश्मि जैन को घोड़ा बग्घी में बैठाया गया। विनोली यात्रा पदमचंद गौरव जैन के निज निवास अम्बाह रोड मुरेना से प्रारम्भ होकर प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर नसियां जी मन्दिर पहुची । विशाल शोभायात्रा में बालिकाएं भाव विभोर होकर नृत्य कर रहीं थी, वहीं महिलाएं मंगल गीत एवं भजनों का मंगलगान करती हुई चल रही थी। नगर के युवा साथी हाथों में पचरंगी ध्वजा लेकर चलायमान थे। नसियां जी मन्दिर में सर्वप्रथम श्री भक्तामर पाठ का वाचन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी साधर्मी बन्धुओं, माता-बहिनों ने पंच मेवा से दीक्षार्थी रश्मि जैन की गोद भराई कर उनके संयम के मार्ग की अनुमोदना की।



# जैन समाज ने की जैन कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

## लगा सको तो बाग लगाओ-आग लगाना मत सीखो-आचार्य श्री सुनील सागर जी




### बडी चौपड़ की धर्मसभा में उमड़े श्रद्धालु, आचार्य सुनील सागर ने किया आमेर के लिए मंगल विहार

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर के घरो व दुकानों के रंग ही गुलाबी नहीं अपितु यहा के लोगों के दिल भी गुलाबी है। पराया दर्द जो समझे उसे इंसान कहते हैं। दिगम्बर तपस्वी से खुदा भी डरता है। इंसान अपने चरित्र से अमीर होता है।दिगम्बर संत को कोई नग्न कहता हो, फक्कड़ समझता हो लेकिन वो संदेश देता हैं कि चिंदी भी तुम्हारे साथ जानें वाली नहीं है। दिगम्बर संत की तपस्या में तो वो ताकत होती है कि वह दुनिया बदल सकता है। ये उदगार बड़ी चौपड़ पर आयोजित विशाल धर्मसभा में दिगम्बर जैन आचार्य सुनील सागर महाराज ने व्यक्त किए। आचार्य श्री ने कहा कि प्रकृति का, पर्यावरण का, निर्धन व जरुरतमंदों लोगों का, सम्मान करें। उन्होंने समाज में चल रही कुरीतियों, जयपुर की बढती आबादी , लोगों द्वारा जंगल के पशुओं की भूमि पर,वन भूमि पर अतिक्रमण करने गुटखा,व्यसन, पोर्न फिल्मों मोबाइल पर, लिव इन रिलेशनशिप, राजनीति में भ्रष्टाचार आदि बुरी आदतों पर कटाक्ष करते हुए इनसे बचने का आव्हान किया। आज के इस भौतिक युग में ब्रह्मचर्य, शील, अणुव्रत का पालन करना चाहिए। महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। आज का इन्सान खुद के दुःख से दुःखी नहीं है अपितु दूसरों के सुखों से दुःखी हैं। आचार्य श्री ने जैन संस्कृति के संरक्षण एवं साधर्मी बन्धुओं के कल्याण हेतु जैन बोर्ड बनाने का सरकार से आव्हान किया। उपस्थित श्रोताओं ने हाथ उठाकर व जयकारे लगाकर इसका समर्थन किया। अन्त में बोल सको तो मीठा बोलना ,कटु शब्द नहीं बोलना। लगा सको तो बाग लगाओ, आग लगाना मत सीखो। कविता सुनाकर लोगों को सीख दी। इससे पूर्व अपने प्रवचन में आचार्य शशांक सागर महाराज ने कहा कि अपने जीवन को तमाशा नही तीर्थ बनाईये। इससे पूर्व धर्म सभा में डा.गौरव सोगानी द्वारा णमोकार महामंत्र के मंगलाचरण पश्चात, समाज श्रेष्ठी सुभाष चन्द जैन,कुशल ठोलियां, विनोद जैन 'कोटखावदा', हेमन्त सोगानी, ओम प्रकाश काला'मामाजी, धर्म चन्द पहाड़ियां, रुपेन्द्र छाबड़ा, प्रदीप चूड़ीवाल, विशाल ठोलिया आदि ने भगवान महावीर एवं पूर्वाचार्यों के चित्रों का अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन किया। तत्पश्चात विधायक अमीन कागजी, आर ए एस रोहित जैन, पार्षद पारस पाटनी, मनोज मुदगल, कुसुम यादव, अरविन्द मेठी, डीएसपी डॉ हेमन्त जाखड़, इन्चार्ज राणा सिंह राठौड़ आदि ने आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पादपक्षालन का पुण्यार्जन कुशल ठोलियां, महेश ठोलिया, विशाल ठोलिया, हेमन्त सोगानी, विनोद जैन कोटखावदा, राज प्रमोद शाह आदि ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए। मंच संचालन कमल बाबू जैन ने किया। आभार विनोद जैन कोटखावदा ने व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक अमीन कागजी से विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने जैन कल्याण बोर्ड बनाने की मां की। कागजी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए जैन बन्धुओं को ज्ञापन तैयार कर देने का अनुरोध किया। मुख्य संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि धर्म सभा में राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न धर्मों के गणमान्य लोगों, जयपुर महानगर सहित आसपास के गांवों कस्बों से के महिला मण्डल, युवा मण्डल, जैन सोश्यल ग्रुप्स, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, मंदिर कमेटियों, दिगम्बर जैन महासमिति, राजस्थान जैन युवा महासभा,पुलक मंच परिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य श्रेष्ठीजन एवं श्रद्धालु गण शामिल हुए। मुख्य संयोजक विनोद जैन कोटखावदा एवं विशाल ठोलिया के मुताबिक शनिवार को आचार्य श्री ससंघ की आहार चर्या एवं सामायिक के बाद दोपहर 2.00 बजे ठोलिया के मंदिर से कीर्ति स्तंभ की नसियां होते हुए बाहरली आमेर के लिए विशाल जुलूस के साथ तीनों नसियां होते हुए मंगल विहार हुआ। आमेर में संघ का रात्रि विश्राम हुआ। रविवार को प्रातः 6.00 बजे आचार्य श्री ससंघ का आमेर से कूकस स्थित श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्र प्रभु के लिए मंगल विहार होगा जहां आचार्य श्री ससंघ के सानिध्य में तीन दिवसीय आयोजन होंगे।

## वेद ज्ञान

### जितना कर सकते हो उतना तो अवश्य करो

यह आवश्यक नहीं है कि सफलता प्रथम प्रयास में ही मिल जाए। जो आज शिखर पर पहुंचे हुए हैं वे भी कई बार गिरे हैं, ठोकर खाई है। उस शिशु को देखिए जो अभी चलना सीख रहा है। चलने के प्रयास में वह बार-बार गिरता है, किंतु उसका साहस कम नहीं होता। गिरने के बावजूद प्रसन्नता और उमंग उसके चेहरे की शोभा को बढ़ाती ही है। जरा विचार करें, उस नन्हें से बीज के बारे में जो अपने अंदर विशाल वृक्ष उत्पन्न करने की क्षमता समेटे हुए है। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, उसको पाने की तीव्र उत्कंठा एवं अदम्य उत्साह हो तो अकेला व्यक्ति भी बहुत कुछ कर सकता है। विश्वकवि रविंद्रनाथ टैगोर का यह कथन कितना सटीक है कि अस्त होने के पूर्व सूर्य ने पूछा कि मेरे अस्त हो जाने के बाद दुनिया को प्रकाशित करने का काम कौन करेगा। तब एक छोटा-सा दीपक सामने आया और कहा प्रभु! जितना हो सकेगा उतना प्रकाश फैलाने का काम मैं करूंगा। हम देखते हैं कि आखिरी बूंद तक दीपक अपना प्रकाश फैलाता रहता है। जितना हम कर सकते हैं, उतना करते चलें। आगे का मार्ग प्रशस्त होता चला जाएगा। किसी ने कितना सुंदर कहा है-जितना तुम कर सकते हो उतना करो, फिर जो तुम नहीं कर सको, उसे परमात्मा करेगा। जो व्यक्ति आपत्ति-विपत्ति से घबराता नहीं, प्रतिकूलता के सामने झुकता नहीं और दुख को भी प्रगति की सीढ़ी बना लेता है, उसकी सफलता निश्चित है। ऐसे धीर पुरुष के साहस को देखकर असफलता घुटने टेक देती है। विचारक रॉबर्ट जे. कॉलियर कहते हैं, 'सफलता छोटे-छोटे कई प्रयासों का नतीजा होती है, जिन्हें कई दिनों तक बार-बार दोहराया जाता है।' अगर आप एक के बाद एक कदम उठाते रहें, जरूरत के हिसाब से बदलते रहें, तो मंजिल तक जरूर पहुंचेंगे। महापुरुष समझाते हैं कि व्यक्ति सफलता प्राप्ति के लिए पुरुषार्थ अवश्य करे, लेकिन अति महत्वाकांक्षी न बने। किसी के हृदय को पीड़ा पहुंचाकर, किसी के अधिकारों को छीनकर प्राप्त की गई सफलता न तो स्थायी होती है और न ही सुखद।

## संपादकीय

# राजनीति अब धन और बल का खेल

राजनीति अब धन और बल का खेल बन चुकी है। जिसके पास ये दोनों चीजें हैं, वह बहुत आसानी से किसी राजनीतिक दल का चुनावी टिकट हासिल कर लेता है। फिर यह किसी से छिपी बात नहीं है कि चुनाव जीतने के बाद किस तरह ऐसे लोगों की कमाई बहुत तेजी से बढ़नी शुरू होती है। इसी चक्र को तोड़ने का संकल्प लेकर आम आदमी पार्टी का गठन हुआ था। एक वैकल्पिक राजनीति की धारा विकसित करना और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाना उसका सबसे प्रमुख नारा था। मगर यह देख कर हैरानी होती है कि वही पार्टी अब खुद उसी कीचड़ में लिथड़ने लगी है, जिसमें दूसरे राजनीतिक दल लिथड़ते आ रहे हैं। दिल्ली नगर निगम चुनाव में टिकट दिलाने के लिए एक विधायक के साले का नब्बे लाख रुपए की रिश्वत मांगना इसका ताजा उदाहरण है। भ्रष्टाचार



निरोधक शाखा यानी एसीबी ने उस व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार भी कर लिया है। हालांकि ऐसे आरोपों पर हमेशा आम आदमी पार्टी मुखर रही है कि उसकी विरोधी भाजपा उसे बदनाम करने की नीयत से ऐसे कुचक्र रचती रही है। मगर जिस व्यक्ति से रिश्वत मांगी गई थी, वह कई साल से आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता रहा है और जब खुद उसी ने एसीबी के पास जाकर शिकायत दर्ज कराई तो फिर इसमें किसी कुचक्र का सवाल ही कहां उठता है। इसी तरह गुजरात में आम आदमी के एक प्रत्याशी के अचानक लापता हो जाने पर पार्टी ने खूब शोर मचाया कि उसे भाजपा के लोगों ने अपहृत कर लिया है और उस पर नामांकन वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। मगर वह प्रत्याशी फिर अचानक प्रकट हुआ और उसने न सिर्फ अपना पर्चा वापस ले लिया, बल्कि सार्वजनिक रूप से बयान दिया कि उसने अपनी अंतरात्मा की आवाज पर ऐसा किया। उसे लग रहा था कि आम आदमी पार्टी राष्ट्र विरोधी और गुजरात विरोधी है। इन दोनों घटनाओं ने आम आदमी पार्टी के सिद्धांतों को गहरे प्रश्नांकित किया है। हालांकि दिल्ली नगर निगम चुनाव में जिस व्यक्ति से टिकट के लिए रिश्वत मांगी गई थी, उसे पार्टी ने टिकट नहीं दिया। इससे वह अपने को बेदाग कह सकती है। मगर यह सवाल तो बना रहेगा कि कैसे उसके एक विधायक का नजदीकी रिश्तेदार ऐसी गतिविधियों में संलिप्त था और किस भरोसे पर उसने टिकट दिलाने का वादा किया था। क्या उस विधायक को उसकी गतिविधियों के बारे में जानकारी नहीं थी, या क्या इस तरह के काम वह पहले से करता आ रहा था। चुनावों में पैसे का लेनदेन कोई नई बात नहीं है। हर पार्टी अब जिस तरह बेपनाह पैसा बहाने लगी है, उसमें उगाही के अनेक तरीके अपनाए जाने लगे हैं। अच्छे जनाधार वाले सामान्य कार्यकर्ताओं के बजाय धनबल और बाहुबल वाले प्रत्याशियों को टिकट देने का चलन इसीलिए अधिक है कि वे न सिर्फ अपने चुनाव का खर्च उठा सकेंगे, बल्कि पार्टी के कोष में भी पैसा डाल सकेंगे। इस तरह छिपे तौर पर ही सही, मगर पैसा लेकर टिकट देने की बातें आम जन तक में होती रहती हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# महिला का मनोबल

भारतीय सेना के महत्त्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के मकसद से सरकार पहले ही कई सराहनीय कदम उठा चुकी है। इसके चलते महिला सैनिकों को खासकर युद्धक विमान उड़ाने का अवसर मिला और अब वे ऐसा कर पा रही हैं। इसी क्रम में बत्तीस सेवानिवृत्त अल्पावधि सेवा यानी शार्ट सर्विस कमीशन के तहत चयनित महिला अधिकारियों को पेंशन देने की सर्वोच्च न्यायालय की सिफारिश से निस्संदेह उनका मनोबल बढ़ा है। सेना में दो तरह के अधिकारियों की भर्ती होती है। एक तो वे होते हैं, जो सेवानिवृत्ति की आयु तक सेवाएं देते हैं, दूसरे वे होते हैं, जो स्वेच्छा से अल्पावधि के लिए सेना में सेवा देने के लिए जाते हैं। अल्पावधि के लिए चयन और प्रशिक्षण आदि की प्रक्रिया लगभग वही होती है, जो स्थायी सेवाओं के लिए चुने जाने वाले अधिकारियों की होती है। मगर उनके वेतन और भत्तों से संबंधित नियम अलग होते हैं। हालांकि अल्पावधि के अधिकारियों को स्थायी सेवाओं में बहाली का भी प्रावधान होता है, पर इसका निर्धारण संबंधित प्राधिकार करता है। अल्पावधि सेवाओं से निवृत्त हुए अधिकारियों के लिए दूसरे सरकारी महकमों की नौकरियों में कुछ आरक्षण होता है, पर जो सेना से मुक्त होने के बाद कहीं और चयनित नहीं हो पाते या जाना ही नहीं चाहते, उनके सामने नियमित आय की समस्या पैदा हो जाती है। खासकर महिला सेनाधिकारियों के सामने यह समस्या अधिक जटिल हो जाती है, जब वे सेवामुक्त होकर कहीं और काम नहीं करतीं या कर पातीं। ऐसे में सेना से पेंशन उनके लिए बड़ा सहारा हो सकती है। इसी संबंध में अल्पावधि सेवा की बत्तीस महिला अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के सामने पेंशन और स्थायी सेवा में बहाली के लिए गुहार लगाई थी। हालांकि अदालत ने उनकी बहाली का आदेश तो नहीं दिया, पर सेना के अधिकारियों और सरकार से सिफारिश अवश्य की है कि उनकी योग्यता को ध्यान में रखते हुए पेंशन बहाल की जाए। जिस मानवीय कोण से अदालत ने सिफारिश की और वायुसेना की तारीफ की, उससे उम्मीद बनी है कि इन महिला अधिकारियों के पक्ष में सकारात्मक रुख अपनाया जाएगा। दरअसल, सेना के मामले में नागरिक अदालतें कोई फैसला देने से बचती हैं। इसलिए कि सेना की अपनी अदालत ही सैनिकों और अधिकारियों से संबंधित मामलों की सुनवाई करती है। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान में प्राप्त अपनी असाधारण शक्ति का प्रयोग करते हुए इस मामले की सुनवाई की। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस समय भारतीय सेना को योग्य अधिकारियों की बहुत जरूरत है, मगर इस आधार पर नियम के अनुसार निवृत्त हुए अधिकारियों को सेवा विस्तार नहीं दिया जा सकता। फिर भी अगर किसी अधिकारी में जज्बा है, वह योग्य भी है और अल्पावधि से स्थायी सेवा में जाना चाहता है, तो उसके प्रति कुछ लचीला रुख अपनाने में कोई हर्ज नहीं। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी बिंदु की तरफ इशारा किया है। फिर महिला अधिकारियों के मामले में मानवीय दृष्टि भी अपनाई जानी चाहिए। खासकर वायु सेना के अधिकारियों को तैयार करने में खासा वक्त और पैसा खर्च होता है। अगर अल्पावधि सेवा के लिए तैयार महिला अधिकारियों को सेवा विस्तार दिया जाता है, तो इससे दोनों की बचत होगी। अगर सेवा विस्तार संभव नहीं है, तो उनके भरण-पोषण के लिए नियमानुसार पेंशन की बहाली होनी ही चाहिए।



# सेंट विल्फ्रेड कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई फ्रेशर्स पार्टी

अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया

जयपुर। खिलखिलाते चेहरे और बेहतरीन भविष्य की कामना के साथ प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थान सेंट विल्फ्रेड कॉलेज में नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी नव-मंजरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को आपसी परिचय कराने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पारम्परिक रुप से गणेश वंदना के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित करते हुए सभी नए विद्यार्थियों का संस्थान में स्वागत किया और नए सत्र के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कॉलेज के जूनियर और सीनियर छात्रों ने मिलकर स्टेज पर सोलो डांस, सोलो सांग, ग्रुप डांस, फैशन शो व कॉमेडी शो प्रस्तुत किया। इस मौके पर रैंप वॉक प्रतियोगिता हुई जिसमें विद्यार्थियों ने रैंप पर भी जलवा बिखेरा। छात्र छात्राओं ने खूब धमाल किया और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में नए विद्यार्थियों के प्रदर्शन को देखते हुए निर्णायक मंडल ने मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर को चुना। फ्रेशर पार्टी में कॉलेज के सीनियर छात्र-छात्राओं ने नए छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. फरीदा



हसनी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को आपस में एक दूसरे को जानने का मौका मिलता है, जो इनके भविष्य के लिए लाभदायक सिद्ध होता है। संस्था के मानद् सचिव डॉ. केशव बड़ाया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यदि इस प्रकार देश के नौजवान शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते रहे तो शिक्षा प्राप्त करने के लिए एक स्वस्थ चित्त का आधार बन सकेगा। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि हम आने वाले नवागन्तुक छात्र-छात्राओं को भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करें जिससे आगे चलकर वे देश की सेवा कर सके।

## भक्ति भाव से मनाया जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का तप कल्याणक दिवस

### दिगम्बर जैन मंदिरों में हुए पूजा अर्चना के विशेष आयोजन

जयपुर. शाबाश इंडिया

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का तप कल्याणक महोत्सव शनिवार 19 नवम्बर को भक्ति भाव से मनाया गया । इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये। अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रातः भगवान महावीर स्वामी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। तत्पश्चात भगवान महावीर की अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान ''मंगसिर असित मनोहर दशमी ता दिन तप आचरना। नृप कुमार घर पारन कीनो मै पूजों तुम चरना।। मोहि राखो हो सरना श्री वर्धमान जिन राय जी।।" का सामूहिक उच्चारण करते हुए मंत्रोच्चार के साथ तप कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। महाआरती के बाद समापन हुआ।



## स्काउट गाइड का वार्षिक उत्सव संपन्न



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। भारत स्काउट गाइड स्थानीय शाखा का समारोह शनिवार को शिवकुमार शर्मा की अध्यक्षता व रोटरी असिस्टेंट गवर्नर नवनीत राठी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कोरोना वारियर का सम्मान किया गया। समारोह में उषा विजयवर्गीय, सुनीता यादव, संजय कनौजिया, देवेंद्र वर्मा व स्थानीय कार्यकर्ता व स्काउट गाइडस उपस्थित थे।

# शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूनम अंकुर छाबड़ा ने की डीजीपी मिश्रा से मुलाकात



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जस्टिस फॉर छाबड़ा सम्पूर्ण शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूनम अंकुर छाबड़ा ने शनिवार को नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक डीजीपी उमेश मिश्रा से मुलाकात की। इस मौके पर नवनियुक्त डीजीपी को पूनम अंकुर छाबड़ा ने बधाई और शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक गोपी चंद गुर्जर, पूर्व विधायक मोतीलाल खरेरा, युवा नेता राहुल गुर्जर सहित अन्य लोग साथ में थे। पूनम अंकुर छाबड़ा ने मुलाकात के दौरान डीजीपी से राज्य में अमन चैन और शांति बनाए रखने के लिए चर्चा की। साथ ही शराब माफियाओं पर कार्रवाई की विस्तार से चर्चा की।इस पर डीजीपी मिश्रा ने सकारात्मक आश्वासन दिया और पूनम अंकुर छाबड़ा के द्वारा चलाये जा रहे शराबबंदी आंदोलन की सराहना की एवम शुभकामनाएं प्रेषित कीं । पूर्व विधायक शहीद गुरुशरण छाबड़ा जी द्वारा राजस्थान में शराबबन्दी के लिए दिये गए महान बलिदान को याद किया।

# आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान के आठ दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान के आठ दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्रताप नगर स्थित श्री श्री रविशंकर आश्रम में 12 से 19 नवंबर तक किया गया। जिसमें न केवल राजस्थान के अलग अलग क्षेत्रों से बल्कि उत्तर भारत के कई अन्य राज्यों से भी युवा शामिल होने आए है। 12नवम्बर से प्रारम्भ हुए इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित युवाओं को योग, प्राणायाम, ध्यान, सुदर्शन क्रिया, पद्मसाधना, सेवा, सत्संग सीखाने के अलावा उनमें संभाषण कौशल, नेतृत्व कौशल, डी- एडिक्शन, निर्णय क्षमता और चुनौतियों का सामना करने की क्षमताओं का विकास किया गया। प्रशिक्षक चंद्रभान सिंह, मरुधर और छाया ने बताया कि इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षित युवा अपने व्यक्तिगत जीवन में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होते हैं और साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग के निशुल्क कार्यक्रम अपने गांव और शहरों में अयोजन करके समाज में योग, ध्यान, शांति और सद्भाव का संदेश दे सकते हैं ।

JSG Group No. 165

जैन सोशयल ग्रुप (नॉर्थ) जयपुर

के तत्वावधान में

सेवा सप्ताह 17 नवम्बर से 23 नवम्बर, 2022 तक के अंतर्गत

योगा एक्युप्रेशर व रेकी कैंप

20 नवम्बर 2022

श्री दिगम्बर जैन मंदिर वर्धमान सरोवर, मानसरोवर जयपुर

समय - प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक

सहयोगी संस्था : चाहत वेलफेयर फाउण्डेशन, जयपुर

वर्धमान सरोवर विकास समिति, मानसरोवर- जयपुर एवं

सकल जैन समाज वर्धमान सरोवर, जयपुर



डॉ. सुनीता जैन

फाईव आर्गन योगा -योगा आचार्य

एक्यूप्रेशर आचार्य

रैकी आचार्य

पर्सनेलेटी रीडर

करूणा रेजि आचार्य

मो. 9461546389



श्वेता जैन

रेकी आचार्य

करुणा रेकी आचार्य

क्रिस्टल हिलींग थेरेपिस्ट

ऐंजल हिलींग थेरेपिस्ट

मनी रेकी मास्टर

जीबू सिम्बल, हग फैशन डिजाइनर

फाईव आर्गन योगा-योगा आचार्य

एक्यूप्रेशर आचार्य

रैकी आचार्य

पर्सनेलेटी रीडर

करूणा रेजि आचार्य

मो. 9461546389

# नो बेग डे एक्टिविटी के अंतर्गत चैस इन स्कूल और पीटीएम का आयोजन किया गया

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के आदेशानुसार शनिवारीय गतिविधियों के अंतर्गत नो बेग डे का आयोजन रखा जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होते हैं। उसके अंतर्गत चैस इन स्कूल अर्थात छात्र-छात्राओं को शतरंज के खेल की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शतरंज का खेल खिलाया गया। इसी के साथ आज पीटीएम अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन भी किया गया। जिसमें थीम अध्यापक व माता बैठक का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर मातृशक्ति का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य अनिल गोयल ने बताया कि मां बच्चे की प्रथम गुरु होती है । आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने बच्चों की शैक्षिक व सहशैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले ।इनके ग्रह कार्य को पूरा करवाएं और इनकी प्रगति से समय-समय पर अवगत होने के लिए विद्यालय में



आएं और इसी के साथ **RKSMBK** प्रथम आकलन की प्रगति से समस्त अभिभावकों को अवगत कराया गया। इस अवसर ग्राम के प्रबुद्ध जन और अभिभावकों के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य पर प्रधानाचार्य अनिल गोयल, सुल्तान खोकर, पवन कुमार, प्रार्थना अग्रवाल,उर्वशी तंवर, आइरिस मैसी, गायत्री सोनी, चेतना शर्मा, कमला कुमारी शर्मा, दुर्गा प्रसाद मीणा, आशीष दाधीच, ममता चौधरी, मनोज कुमार जैन सहित समस्त स्टाफ सदस्य व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# तीर्थ क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए लिया संकल्प

**अजमेर. शाबाश इंडिया।** भारतीय जैन मिलन केंद्र के निर्देश के अनुसार जैन मिलन अजमेर की महिला एवं पुरुष इकाई के पदाधिकारियों के द्वारा एक दूसरे को संकल्प सूत्र बांधकर व संकल्प पत्र भरवाए गए। मुनि श्री 108 संबोध सागर जी महाराज एवं बीके सागर जी महाराज के सानिध्य में उनका आशीर्वाद लेकर सभी ने तीर्थराज सम्मेद शिखर गिरनार पर्वत पालीताना एवं अन्य तीर्थ क्षेत्रों रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वीर प्रकाश जैन पाटनी क्षेत्रीय अध्यक्ष, वीर प्रकाश गंगवाल, स्थानीय निकाय के अध्यक्ष वीर कमल बापना, वीर राजेंद्र पाटनी, वीर राजकुमार, वीर अभय मेल सकलेचा, वीर जीवराज जैन, वीर नाथूलाल जैन, वीर पदमजी खटोड़, वीर पारसमल महिला इकाई की अध्यक्ष वीरांगना श्रीतमा जैन, मंत्री अलकेश जैन, वीरांगना रेखा जैन, वीरांगना नगीना जैन, वीरांगना मनीषा जैन, वीरांगना मारुति जेन, वह अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




श्री चक्रेश-श्रीमती पिंकी जैन



सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति

की वैवाहिक वर्षगांठ
(20 नवंबर) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं






शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश - समता गोदिका,
**परामर्शक:** दिनेश - संगीता गंगवाल,
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या,
**सचिव:** अनिल - प्रेमा रांवका,
**कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन
एवं समस्त सदस्य

दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# निवाई मे प्रांतपाल ने करवाया लायंस शपथ ग्रहण समारोह




**निवाई. शाबाश इंडिया**

लायंस क्लब निवाई के नवीन पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह श्री महावीर जनोपयोगी भवन में आयोजित किया गया । जिसमें नवीन अध्यक्ष पद पर ज्ञानचंद सोगानी को विधिवत शपथ ग्रहण करवाया गया। क्लब के मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233ए1 के प्रांतपाल एडवोकेट लायन रोशन सेठी एवं सुमेर जैन अपनी प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ निवाई मे नवीन अध्यक्ष पद के साथ साथ नये सदस्यों को भी शपथ ग्रहण करवाया गया। जिसमें अध्यक्ष ज्ञानचंद सोगानी सहित डाक्टर राहुल जैन, डॉक्टर अवधेश जैन, डॉक्टर मीठालाल मीणा, अरविन्द जैन, सदाशिव नैयर, मोहनलाल सिंहल सहित अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया। जौंला ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रांतपाल लायन रोशन सेठी एवं सुमेर जैन ने राज्य स्तरीय लायन्स क्लब के सेवा कार्यों का निरीक्षण किया एवं सेवा कार्य पर विस्तार से बताया। क्लब के मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि समारोह का शुभारंभ राज्य से आये प्रांतपाल सह प्रांतपाल के साथ निवाई वृताधिकारी संदीप सारस्वत एवं सदर थाना ईन्चार्ज नरेश कंवर सहित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में महिलाओं द्वारा मंगलाचरण करके स्वागतगान किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय गीत करके ध्वज वन्दन किया गया। इस दौरान क्लब के संरक्षक हुकमचंद जैन, सीताराम स्वामी, महेन्द्र जैन लावा, ज्ञानचंद सोगानी सहित सभी ने क्लब द्वारा किये गए सेवा कार्य पर जोर दिया। जौंला ने बताया कि समारोह में प्रांत 3233ए1 के सह प्रांतपाल एवं रीजन चेयरमैन जोन चेयरमैन एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल गंगापुर सिटी के पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम में सभी लायन साथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ताराचंद बोहरा, मुकेश विजय, सत्यनारायण मोठूका, पारसमल जैन, अशोक सर्राफ, अशोक जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## नेट थिएट पर नाटक मां की ममता मनोज के भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों का दिल जीता

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में ज्योति कला संस्थान द्वारा सिंधी साहित्यकार लक्ष्मण बबानी की कहानी पर आधारित नाटक मां की ममता का सशक्त मंचन किया गया। कहानी का नाट्य रूपांतरण एवं निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी सुरेश सिंधु ने किया। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि एकल नाटक की प्रस्तुति में रंगकर्मी मनोज आडवाणी ने अपने भावपूर्ण अभिनय से किरदार को ऐसा जिया कि लोग वाह-वाह कर उठे मनोज ने अपने अभिनय की अमिट छाप छोड़ी।



**नाटक की कहानी:** एक मां के लिए उसकी ममता अपने सब बच्चों के लिए बराबर होती है ' लेकिन उन बच्चों में एक बच्चा भी दिमागी रूप से बीमार हो तो मां की ममता उस बच्चे के लिए तड़प उठती है, इस एकल नाटक में दिमागी रूप से विकलांग बेटे और उसके मां के स्नेह और भाइयों की नफरत को दिखाया गया । भाई मिलकर उस विकलांग बच्चे को डॉक्टर से मिलकर उस बच्चों की लीला समाप्त कर देते हैं, मां को जब इस बात का पता चलता है, वह विलाप करती है और अपने बेटों को पूछती है और उन्हें हत्यारा मानती है, मृत बच्चे की आत्मा आकर मां को दिलासा दिलाती है की मेरे भाइयों ने जो किया मेरे हित में किया, मुझे मेरे कष्ट से मुक्ति दिलाने के लिए किया, मुझे उनसे कोई शिकायत नहीं है, तू भी उन्हें माफ कर दे। नाटक में प्रकाश मनोज स्वामी, वस्त्र विन्यास कविता सचदेव एवं ध्वनि प्रभाव एवं गायन नवीन पुरुषार्थी, मंच व्यवस्था अंकित शर्मा नोनू जीवितेश शर्मा, देवांग सोनी और जितेंद्र शर्मा की रही।

### श्री दिगम्बर जैन मन्दिर जनकपुरी ज्योति नगर जयपुर

## विधायक कोष से निर्मित सड़क का क्षेत्रीय विधायक काली चरण सर्राफ ने फीता काटकर लोकार्पण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनक पुरी मन्दिर के सामने विधायक कोष से निर्मित सड़क का शनिवार को क्षेत्रीय विधायक काली चरण सर्राफ द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किया गया। मन्दिर एवं संयम भवन के मध्य की सड़क का निर्माण मालवीय नगर क्षेत्र के विधायक कालीचरण सर्राफ द्वारा विधायक निधि से कराया गया था। मन्दिर समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने विधायक का तिलक माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद नरेश शर्मा के अलावा जनकपुरी विकास समिति एवं जैन समाज के ज्ञान चंद देवेंद्र कासलीवाल, सुनील सेठी, सोभाग अजमेरा, मिश्री लाल काला, युवा मंच के अमित शाह, प्रतीक जैन आदि कई गणमान्य महानुभावों ने भाग लिया। विधायक सर्राफ ने सम्बोधन में कहा की जैन मन्दिर से में शुरू से जुड़ा हुआ हूं तथा मेरी भावना रहती है की अधिक से अधिक समाज सेवा कर समाज के कार्यों को करूं। मन्दिर समिति अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नवीन सेठी ने किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों की सीखने में रुचि दिखाई दी




**जोधपुर. शाबाश इंडिया**

शिक्षा विभाग एवं भारती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुई इंदा के विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण जिसमें माचिया सफारी पार्क, उप क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र जोधपुर, एवं मंडोर पार्क ले जाया गया। जिसमें करीब 62 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, सभी विद्यार्थियों बहुत उत्साहित नजर आए तथा सीखने के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता दिखाई दी। प्रभारी पुनीत भटनागर ने बताया कि उप क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं तारामंडल का वीडियो प्रदर्शन विद्यार्थियों को काफी अच्छा लगो शैक्षणिक भ्रमण के रुझान यह बता रहे हैं कि आज विद्यार्थियों ने जो अपनी आंखों से जो प्रत्यक्ष देखा वह उनकी स्मृति में काफी लंबे समय तक बना रहेगा और आज सीखे हुए ज्ञान को वह काफी लंबे समय तक अपने विद्यालय के छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों के साथ साझा कर सकेंगे। विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण में प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता वर्गी, लक्ष्मण सिंह,ओम सांखला, श्रीमती कांता सुथार, कन्हैया लाल लखानी, श्रीमती गीता राठौड़ एवं श्रीमती संजू भी साथ में थे और काफी रुचि से विद्यार्थियों को इन सभी स्थानों के बारे में रूबरू करवाया।

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाले विजेताओं का सम्मान किया

**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** श्री जे.डी. जैन इंग्लिश मीडियम सैकडरी स्कूल, कुचामन सिटी के प्रागंण में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाले विद्यालय की प्रतिभाओं का स्वागत किया गया एवं ट्राफी व प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों केशव



धनवानी, वंशिक अग्रवाल, कनिष्क अग्रवाल, अमन कुमावत, आयुष कुमार स्वामी, कुलदीप स्वामी व नितेश धनवानी को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कोच कमल कुमार गोयर, शारीरिक शिक्षक महेन्द्र महिया एवं अभिभावकों का सम्मान करते हुए संस्था के कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष कमल कुमार पहाड़िया, सचिव संतोष कुमार पहाड़िया, लालचन्द जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष पहाडिया, विनोद कुमार झांझरी, अशोक कुमार बज, अजित कुमार पहाड़िया, अशोक कुमार झांझरी, अमित कुमार पहाड़िया एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती शशि सोनी ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में श्रवणलाल अग्रवाल, दिनेश धनवानी, विजय पारीक, गोलू गौड, पप्पूलाल स्वामी, कैलाशचन्द स्वामी, घनश्याम कुमावत आदि सम्मिलत हुए। संस्था अध्यक्ष कमल कुमार पहाड़िया ने प्रधानाध्यापिका व सभी अध्यापकों को माला पहनाकर सम्मानित किया व इस सफलता हेतु शुभकामनाएँ देकर धन्यवाद दी ।

# गिरनार कॉलोनी, वैशाली नगर में सड़क नवीनीकरण का विधिवत शुभारम्भ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

झोटवाडा विधानसभा के जयपुर ग्रेटर वार्ड 55 में पूर्व मंत्री माननीय राजपाल सिंह शेखावत के निर्देशानुसार, चेयरमैन एवं पार्षद अक्षत खूँटेटा के द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से गिरनार कॉलोनी, वैशाली नगर में कराए जाने वाले सड़क नवीनीकरण एवं एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का विधिवत पूजा करके शुभारम्भ किया गया। कॉलोनीवासियो ने सड़क नवीनीकरण कार्य को लेकर अक्षत खूँटेटा की कार्यशैली को सराहा और चुनाव में किए गए वादे पर पूरा करने पर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गिरनार कॉलोनी के निवासी, चेयरमैन राखी राठौड़, पार्षद निशांत सुरोलिया, फतेह सिंह, आनंद कान्या , श्याम खूबानी , बिमलेश खूँटेटा, मंडल महामंत्री



सुरेंद्र परीक, मंडल उपाध्यक्ष विरेंद्र चौधरी, वार्ड संयोजक पूरण जैसवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी, मुकेश यादव, सुनील महेरा, विपुल गर्ग, शैलेंद्र रावत, संदीप जैन, आदित्य दाधिच, व अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्ड 55 के निवासी उपस्थित रहे ।

# युवा उद्यमी श्रेयांस जैन दुबई में हुए सम्मानित

## व्यापार में विशेष उपलब्धि पर हुआ सम्मान




**अजमेर. शाबाश इंडिया।** जैसवाल जैन समाज के गौरव युवा उद्यमी श्रेयांस जैन सन्नी को साउथ ईस्ट एशिया बिजनस अवार्ड से दुबई में सम्मानित किया गया। स्टील सेक्टर में श्रेष्ठ उपलब्धि हासिल करने पर दि.जैसवाल जैन समाज अजमेर के धर्मनिष्ठ, दानवीर, वृहद उद्योगपति, समाजरत्न, धर्मवत्सल बंधु युवाउद्यमी श्रेयांस जैन ढिलवारी सुपुत्र स्व. सुनील जैन को सम्मानित किया गया।दैनिक भास्कर के द्वारा अवार्ड कार्यक्रम दुबई में आयोजित किया गया जिसमेंविभिन्न राज्यों व शहरों से मशहूर कारोबारी व उद्योगपतियों ने भाग लिया। मार्केट रिसर्च के आधार पर व्यवसायिक विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ उपलब्धि हासिल करने वाले उद्योगपति व कारोबारियों को अवार्ड से सम्मानित किया गया। अजमेर दिगम्बर जैसवाल जैन समाज के लिए गौरव की बात है कि समाज के युवा बंधु को अल्पायु में व्यवसायिक क्षेत्र मे श्रेष्ठता के लिए सम्मानित किया गया। जैन ने बातचीत के दौरान बताया कि मुसीबत में कभी भी घबराना नहीं चाहिए, बल्कि अपनी सकारात्मक सोच को जाग्रत रहना चाहिये। मुसीबत के समय परिवार सबसे बड़ी ताकत होता है।

## आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ का सानिध्य

# कूकस में चंद्रप्रभु निलय का होगा लोकार्पण आज

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रप्रभु जी कूकस में चंद्रप्रभु निलय का लोकार्पण 20 नवम्बर को, आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में होगा। जयपुर दिल्ली हाइवे पर कूकस ग्राम में बने अति प्राचीन श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चंद्रप्रभु जी में नवनिर्मित श्री चंद्रप्रभु निलय का तीन दिवसीय लोकार्पण समारोह बीस नवम्बर से शुरू होगा। सम्पूर्ण कार्यक्रम आचार्य श्री सुनील सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में होगा। क्षेत्र के मंत्री प्रदीप गोधा ने बताया कि 20 नवम्बर को आचार्य श्री प्रातः 6 बजे आमेर से विहार कर कुकस क्षेत्र पर मंगल प्रवेश करेंगे। इसके लिए साई बाबा मंदिर से जूलूस निकाला जाएगा। सुबह साढे नौ बजे आचार्य श्री का मंगल प्रवचन होगा। तत्पश्चात लोकार्पण समारोह होगा। कार्यक्रम के बाद आचार्य श्री की आहार चर्या होगी। शाम छह बजे मंगल आरती तथा रात्रि में वीर संगीत मण्डल की ओर से 48 दीपकों से भक्तामर स्तोत्र का अनुष्ठान किया जाएगा। सोमवार 21 नवम्बर को प्रख्यात गायक नरेन्द्र जैन द्वारा दोपहर एक बजे से भक्ति संगीत का कार्यक्रम होगा। वहीं 22 नवम्बर को स्वयंभू स्तोत्र विधान का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम को भव्य मंगल आरती व अन्य कार्यक्रम होंगे।



# अंतर्राष्ट्रीय योग संगठन ने बनाया कोटा के योग गुरू इंजिनियर मनीष जैन को एंबेसडर






**कोटा. शाबाश इंडिया**

योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समर्पित व्यक्तियों को अंतराष्ट्रीय योग संगठन द्वारा देशभर के विभिन्न एंबेसडर बना कर योग का प्रचार प्रसार किया जाता है। योग सर्टिफाइड बोर्ड, आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिकृत योग शिक्षक एवम मूल्यांकनकर्ता मनीष जैन ने कोटा को गौरांवित करते हुए योग एम्बेसडर की उपलब्धि प्राप्त की है। कोटा शहर में योग शिक्षक के रूप में काबिले तारिफ कार्य करते हुए 15 अगस्त से जिला प्रशासन से स्वायत शासन मंत्री से सम्मान पत्र भी प्राप्त किया था। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर त्रिदिवसीय योग शिविर लगाकर हजारों लोगो को लाभांवित किया था इसी के साथ नियमित ऑफ लाईन व ऑन लाईन योग कक्षाएं भी आयोजित करते है जिनमें देश के विभिन्न हिस्सो से लोग जुड़ते हैं। साथ ही विदेशो से लोग ऑन लाईन योग की कक्षाएं में अपनी उपस्थिती दर्ज करवाते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग संगठन, दुनिया भर में सभी योग प्रेमियों, योग पेशेवरों और योग के प्रति उत्साही लोगों के लिए योग शिक्षा प्रदान करता है। इंटरनेशनल योग ऑर्गनाइजेशनआईवाईओ भारत सरकार, भारत योग पंजीकरण बोर्ड (भारत सरकार के विभाग के तहत), यूएनओ द्वारा एक पंजीकृत संबद्धता निकाय है। ईसीओएसओसी-एनजीओ, यूएनओ, भारतीय आयुष मंत्रालय, आयुष संजीवनी, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, मंत्रालय के साथ प्रतिज्ञा युवा मामले और खेल। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय योग संगठन आईवाईओ यूएसए संघीय और संयुक्त,राष्ट्रसंघ संगठन के साथ पंजीकृत है। आईवाईओ, यूएनओ से पंजीकृत है अतः अंतरराष्ट्रीय योग शिक्षक का प्रमाणपत्र 195 देशों में मान्य है।

## भिक्षा पात्र तो भरा जा सकता है, लेकिन इच्छा पात्र तो कुबेर भी नहीं भर पाया : अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी



**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

आदमी का मन इच्छित वस्तु मिल जाये तो खुश हो जाता है और ना मिले तो दुखी हो जाता है। मन की अनूकूल-प्रतिकूल परिस्थिति ही हर्ष विषाद में कारण बन जाती है।संसार और संसार की सम्पत्ति का मालिक आज तक कोई भी नहीं बन पाया। जिसने मालिक बनने की कोशिश की वो समय से पहले ही परमात्मा को प्यारा हो जाता है।यदि मन के मुताबिक काम हो गया तो मन आनंद से झूम जाता है, और मन मुताबिक काम नहीं हुआ तो मन दुःख, शोक, चिन्ता, उद्वेग से भर जाता है।जिस प्रकार बैंक में कार्य करने वाले कर्मी दिन भर लाखों करोड़ो नोट गिनता है परन्तु उसके प्रति कोई आसक्ति नहीं रखता। क्योंकि वह जानता है कि यह संपत्ति तो बैंक की है। यदि हम आप भी यही सोचकर जीवन जीयें तो कभी दुखी परेशान नहीं हो पायेंगे। कार्य की अनुकूलता सुख है और कार्य प्रतिकूलता दुःख है। दुःख तब होता है जब हम कूछ करने की कोशिश करते हैं और वह नहीं हो पाता तो मन दुखी हो जाता है। हमारा सुख- दुःख-पर वस्तु के राग, द्वेष और विकारी भाव से है। संसार की सामग्री, संसार की सेवा के लिये मिली है। इसलिए निर्विकार होकर वीतराग भाव से जीएं। **नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

## जैन सोश्यल ग्रुप सिद्धा की 11 से 18 नवम्बर तक धार्मिक यात्रा सम्पन्न







**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप सिद्धा ने दो बसों से तीर्थराज श्री सम्मेद शिखरजी के साथ-साथ 9 तीर्थंकरों की जन्मस्थली की यात्रा की । जैन सोश्यल ग्रुप सिद्धा के संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार - सीमा पाटनी ने बताया कि 11 से 18 नवंबर तक धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया । आचार्य , मुनिराजो का यात्रा व पहाड़ वंदना के दौरान खूब-खूब आशीर्वाद मिला ।मुनि श्री प्रमाण सागर जी ने शंका समाधान के समय सिद्धा परिवार के यात्रियों को खूब-खूब आशीर्वाद दिया । अध्यक्ष निर्मल - तारा पांड्या ने बताया की यात्री जयपुर से अयोध्या, राजगिरी, कुंडलपुर, गुनादा नवादा, तीर्थराज श्री सम्मेद शिखरजी, वाराणसी से मथुरा चौरासी होते वापस जयपुर आये । सिद्धा परिवार के कार्यकारिणी सदस्य राकेश - अलका रावका ने तीर्थराज श्री सम्मेद शिखरजी वंदना से पूर्व सभी पुरुषों को कुर्ता एवं महिलाओं के लिए पीले की साड़ी भेट की । उपाध्यक्ष दिनेश - नीलम काला ,सह सचिव अंजन - आकांक्षा एवं कोषाध्यक्ष सुरेंद्र- संगीता छाबड़ा ने यात्रा सम्पन्न होने पर सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।